Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला भरतपुर में पुलिस थाना रूपवास के प्रवीण कुमार सहायक उप निरीक्षक 12,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार।

जयपुर, 23 मार्च 2026, सोमवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **प्रवीण कुमार सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना रूपवास जिला भरतपुर** में 12,000/– **रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के भाई द्वारा दर्ज मुकदमें में नाम निकालने की एवज में आरोपी रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक डॉ रामेश्वर सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रवीण कुमार सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना रूपवास जिला भरतपुर को 12,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** एवं **महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।